# समाचार

# ओपन थिएटर में हुआ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन

कोरबा 29 अगस्त 2013 – नगर पालिक निगम कोरबा के सौजन्य से घंटाघर कोरबा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन थिएटर में भगवान श्रीकृष्ण जन्म उत्सव जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को पुरूस्कार प्रदान किए गए।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन घंटाघर स्थिति ओपन थिएटर में हुआ। वनवासी कल्याण आश्रम तथा अन्य संस्थाओं की मनोरम झांकियों के साथ भारी संख्या में श्रद्धालुजन तथा नागरिकबन्धुओं ने उक्त भव्य आयोजन में अपनी उपस्थिति दी। वनवासी कल्याण आश्रम, मलयाली ग्रुप, बजरंग दल, बालाजी मंदिर सहित अन्य स्थानों से आयी मनोहर झांकियों ने उत्सव को मनोरम स्वरूप प्रदान किया। इस मौके पर आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विद्युतगृह उ.मा.वि. के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं दूसरे स्थान पर नवापारा –1 एवं तीसरे स्थान पर नवापारा–2 के दल रहे। इसी प्रकार आयोजन में अपने मोहक नृत्य से मनमोहने वाले नृत्य दलों में चचिया चाम्पा, कलदामार तथा नवापारा चैनपुर के नृ त्य दलों ने पुरूस्कार जीता। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में कौशिल स्कूल के छात्रों में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं झांकी में मलयाली ग्रुप, बजरंग दल तथा बालाजी मंदिर की झांकियों ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने जन्माष्टमी महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को पुरूस्कारों का वितरण किया। इस मौके पर महापौर श्री लाम्बा ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म उत्सव जन्माष्टमी की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा नगर की सुख–शांति, अमन–चैन एवं आमजन की खुशहाली की कामना की।

**उत्सव में पहुंचे वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण**– डॉ.भीमराव अंबेडकर ओपन थिएटर घंटाघर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उक्त भव्य आयोजन में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष श्री बनवारी लाल अग्रवाल , राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह श्री जुड़ावन सिंह ठाकुर, पूर्व महापौर श्री लखनलाल देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल मोदी ने अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति प्रदान की तथा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं आमजन को दी। आयोजन में श्री चंद्रकिशोर श्रीवास्तव, विन्देश्वर प्रसाद, गोपाल केडिया, महेश गुप्ता, भोजराम देवांगन, सुखदेव सिंह, श्री सुब्रमन्यम, शैलेष पाण्डेय, एल्डरमेन मनोज सिंह, निगम से गिरीश कुमार साहू एवं अरूण मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)